Department of Health & Social Care

23 अगस्त 2021

प्रिय मरीज़,

## COVID-19 के बारे में आपके लिए महत्वपूर्ण जानकारी

हम आपको इसलिए लिख रहे हैं क्योंकि आपके बच्चे को पहले चिकित्सीय रूप से COVID-19 के प्रति बेहद कमजोर के रूप में पहचाना गया है, जिसका अर्थ है कि यदि वे वायरस की चपेट में आता तो उसे गंभीर बीमारी के उच्च जोखिम में माना जाता था। हो सकता है कि अतीत में उसे शील्ड करने की सलाह दी गई हो।

जैसेकि आप जानते हैं, 1 अप्रैल को शील्डिंग को रोक दिया गया था, और 19 जुलाई को बच्चों और युवाओं सहित चिकित्सकीय रूप से बेहद कमजोर के रूप में पहचाने गए लोगों को बाकी आबादी के समान ही मार्गदर्शन का पालन करने की सलाह दी गई थी। हाल ही के चिकित्सीय अध्ययनों[1] से पता चला है कि यदि बच्चे और युवा इस वायरस की चपेट में आते हैं तो उन्हें गंभीर बीमारी का खतरा बहुत कम होता है। हमें आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि आपका बच्चा इसीलिए **अब चिकित्सकीय रूप से बेहद कमजोर नहीं माना जाता है और उसे दूसरे लोगों के समान ही मार्गदर्शन का पालन करते रहना चाहिए**, जो www.gov.uk/coronavirus पर मिल सकता है। संभवतः बहुत ही कम बच्चों के लिए विशिष्ट व्यक्तिगत चिकित्सीय सलाह दी जाए, और इसका पालन करते रहना चाहिए।

आपको यह पत्र इसलिए मिला है क्योंकि जब इसे तैयार किया गया था तब आपके बच्चे की उम्र 18 वर्ष से कम थी। यदि आपका बच्चा हाल ही में 18 वर्ष का हुआ है, तो कृपया इस पत्र को अनदेखा करें।

Withdrawn April 2022

### बच्चों और युवाओं के लिए COVID-19 का जोखिम

महामारी की शुरुआत में, हम COVID-19 से उत्पन्न खतरे के बारे में बहुत ही कम जानते थे और बहुत सारे बच्चों और युवाओं सहित हमने लाखों लोगों को खुद को बचाने के लिए, शील्ड

[1] https://www.medrxiv.org/content/10.1101/2021.07.01.21259785v1
https://www.researchsquare.com/article/rs-689684/v1
https://www.medrxiv.org/content/10.1101/2021.06.30.21259763v1

Department of Health & Social Care

करने की सलाह देने का मुश्किल निर्णय लिया। उस समय यह सही निर्णय था और इसने तब सबसे कमजोर लोगों को सुरक्षित रखने में मदद की जब हम COVID-19 के बारे में अधिक जानकारी ले रहे थे।

महामारी की शुरुआत के बाद से हमने बहुत कुछ सीखा है, खास तौर पर विशिष्ट समूहों पर COVID-19 के प्रभाव के बारे में। हाल ही के चिकित्सकीय अध्ययनों के परिणामों पर विशेषज्ञों के एक पैनल द्वारा चर्चा की गई, जिन्होंने सिफारिश की कि बच्चों और युवाओं को अब चिकित्सकीय रूप से बेहद कमजोर नहीं माना जाना चाहिए और इसलिए उन्हें शील्ड किए हुए मरीज़ों की सूची में नहीं रखा जाना चाहिए, जो चिकित्सकीय रूप से बेहद कमजोर माने जाते लोगों का राष्ट्रीय डेटाबेस है। इस सिफारिश पर यूके के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों द्वारा सहमति जताई गई थी।

Withdrawn April 2022

Department
of Health &
Social Care

यह महत्वपूर्ण है कि आपका बच्चा अपने स्कूल या अन्य शैक्षणिक वातावरण में जाना जारी रखे। स्कूली शिक्षा की कमी बच्चों पर एक महत्वपूर्ण नकारात्मक प्रभाव डालने के लिए जानी जाती है, जिससे उनके जीवन की संभावना कम हो जाती है और शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित समस्याएं बदतर हो जाती हैं। सभी प्रारंभिक वर्षों (early years) के प्रदाता, स्कूल और कॉलेज COVID-19 के प्रसार के जोखिम को कम करने में मदद के लिए निरंतर उपाय कर रहे हैं। अधिक जानकारी यहाँ मिल सकती है
www.gov.uk/coronavirus/education-and-childcare

बहुत कम संख्या में बच्चों और युवाओं को उनके विशेषज्ञ द्वारा महामारी के कारण नहीं, बल्कि उनकी मेडिकल स्थिति या उपचार की प्रकृति के कारण थोड़े समय के लिए आइसोलेट करने या अपने सामाजिक संपर्क को कम करने की सलाह दी गई होगी। यदि आपके बच्चे के साथ ऐसा है, तो उसे अपने विशेषज्ञ की सलाह का पालन करना जारी रखना चाहिए।

Withdrawn April 2022

**COVID-19 टीकाकरण**

टीकाकरण अब 16-17 वर्ष के सभी बच्चों के लिए उपलब्ध है। कुछ १२-१५ वर्ष के बच्चे भी टीकाकरण के लिए पात्र हैं क्योंकि वे बहुत विशिष्ट जोखिमों का सामना करते हैं और वे विशेष लाभ जो वे टीके से प्राप्त करेंगे। हालांकि, टीकाकरणके लिए योग्य होने का अर्थ यह नहीं है कि आपके बच्चे को चिकित्सकीय रूप से बेहद कमजोर माना जाता है या उसे शील्ड करने की ज़रूरत है।

**NHS सेवाओं तक पहुंच**

यह महत्वपूर्ण है कि आपके बच्चे को सुरक्षित और स्वस्थ रहने के लिए ज़रूरी देखभाल और सहारा मिलते रहें। सामाजिक देखभाल और चिकित्सीय सेवाओं के प्रदाता हर संभव प्रयास कर रहे हैं कि सेवाएँ खुली रहें और जितनी संभव हो सकें, सुरक्षित रहें।

आपके बच्चे को अपनी मौजूदा स्वास्थ्य स्थितियों के लिए एनएचएस से सहायता लेना जारी रखना चाहिए। वे घर से श्रृंखलाबद्ध NHS सेवाएं हासिल कर सकते हैं, जिनमें बार-बार प्रिस्क्रिप्शन दवाईयां मँगवाना या ऑनलाइन परामर्श के माध्यम से अपने स्वास्थ्य पेशेवर से संपर्क करना शामिल है। अधिक जानकारी के लिए www.nhs.uk/health-at-home पर जाएँ, या NHS एप डाउनलोड करें। यदि आप अपने बच्चे के स्वास्थ्य के बारे में चिंतित हैं, तो उसके

Department of Health & Social Care

जीपी, अस्पताल के चिकित्सक से बात करें या NHS111 का उपयोग करें या, किसी मेडिकल एमर्जेंसी के लिए 999 डायल करें।

महामारी और एक के बाद एक लॉकडाउन और ढील की अवधियों ने कुछ बच्चों और युवाओं में तनाव और चिंता को बढ़ा दिया है, और यह पूरी तरह से सामान्य प्रतिक्रिया हो सकती है। NHS विशेषज्ञों ने युवाओं के लिए (www.england.nhs.uk/blog/what-to-do-if-youre-a-young-person-and-its-all-getting-too-much-2/) एवं परिवारों या देखभालकर्ताओं के लिए (www.england.nhs.uk/blog/advice-for-parents-guardians-and-carers-on-how-to-support-a-child-or-young-person-if-youre-concerned-about-their-mental-health/) व्यावहारिक सुझावों के साथ ब्लॉग प्रकाशित किए हैं और आगे की मदद के लिए मार्गदर्शन कर रहे हैं जैसेकि  एवरी माइन्ड मैटर्स (Every Mind Matters) वेबसाइट (www.nhs.uk/every-mind-matters). NHS मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ हमेशा की तरह काम कर रही हैं और बच्चों और युवाओं, उनके परिवारों और देखभालकर्ताओं ज़रूरत पड़ने पर विशेषज्ञ मदद लेनी चाहिए। NHS के पास इस बारे में ऑनलाइन जानकारी उपलब्ध है कि मानसिक स्वास्थ्य सहायता और सहारे तक कैसे पहुँचना है (www.nhs.uk/mental-health/nhs-voluntary-charity-services/nhs-services/how-to-access-mental-health-services/)।

Withdrawn April 2022

हम जानते हैं कि महामारी सभी के लिए एक मुश्किल समय रहा है और यह मानते हैं कि उन लोगों के लिए यह खास तौर पर मुश्किल रहा है जिन्हें अतिरिक्त सावधानियाँ बरतने की सलाह दी गई है। आपके बच्चे को चिकित्सकीय रूप से बेहद कमजोर समूह के हिस्से के रूप में शामिल करने का निर्णय हमारे पास उस समय मौजूद जानकारी के आधार पर, उसे सुरक्षित रखने में मदद करने के लिए किया गया था। अब जबकि हमारे पास और अधिक सबूत हैं, हमें उम्मीद है कि आपको यह जानकर खुशी होगी कि आपके बच्चे को अब COVID-19 के प्रति चिकित्सकीय रूप से बेहद कमजोर नहीं माना जाता है।

भवदीय,

Jennifer MHarries

प्रोफेसर जेनिफर हैरीज़ ओबीई (Professor Jennifer Harries OBE)

Department of Health & Social Care

BSc MB ChB MPH MBA FFPH FCMI

चीफ़ इग्ज़ेक्यटिव ऑफिसर

यूके हेल्थ सिक्युरिटी अजेंसी

**यह पत्र GOV.UK पर, ईज़ी रीड सहित, विभिन्न भाषाओं और प्रारूपों में उपलब्ध होगा। ऑडियो, ब्रेल, बड़े प्रिंट के लिए RNIB को 0303 1239999 पर कॉल करें**

Withdrawn April 2022